



## एक नजर में

### आठनेर में 18 को होगा विराट हिंदू सम्मेलन

**बैतूल।** आठनेर के श्री राम मंदिर आठनेर में हिंदू सम्मेलन को लेकर नगरवासियों की एक बड़ी बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 18 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसी के साथ सम्मेलन की सफलता के लिए हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति का गठन भी किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे और आयोजन को व्यापक रूप देने पर सहमति बनी। बैठक में गठित हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति में संयोजक के रूप में मारोतीराव तायड़े, सह संयोजक रूपलाल रघुवंशी एवं महाराज वीरेंद्र अमरूते, कोषाध्यक्ष कुलदीप आजाद को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं संरक्षक मंडल में देवेंद जैन, बलिराम खंडारे, संजय सोनी, उमेश घोरसे, लड्डू कनाठे, भीमराव कापसे, लखनलाल सुरे, एस डी सूर्यवंशी, राजेश राने एवं गणेश लहरपुरे को शामिल किया गया। समिति ने सकल हिंदू समाज से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में शामिल होने की अपील की। बैठक को संबोधित करते हुए संयोजक मारोतीराव तायड़े ने कहा कि समाज में पंच परिवर्तन की आवश्यकता है और आयोजन समिति इस दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करेगी। उन्होंने सामाजिक समरसता के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों में सौहार्द और प्रेम बढ़ाने, कुटुम्ब प्रबोधन के जरिए परिवार को राष्ट्र निर्माण की मूल इकाई के रूप में सशक्त करने, पर्यावरण को माता मानकर संरक्षण हेतु जीवनशैली में बदलाव, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के जरिए देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने तथा नागरिक कर्तव्य के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक द्वारा सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन और राष्ट्रहित में योगदान देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन्हीं प्रयासों से देश विश्व गुरु बनेगा।

### कोसमी में मॉक ड्रिल का आयोजन

**बैतूल।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बैतूल द्वारा एक दिवसीय बाढ़ राहत आपदा खोज एवं बचाव मॉक ड्रिल का आयोजन शुक्रवार को कोसमी डेम में किया गया। मॉक ड्रिल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अनिता पटेल एवं अध्यक्ष डीडीएमए के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड इंदल उपनारे ने बताया कि मॉक ड्रिल में बाढ़ आपदा राहत खोज एवं बचाव तकनीक, बाढ़ के दौरान इंप्रोवाइज मेथड से आपदा सामग्री का निर्माण करना एवं इस्तेमाल के तरीके बताए। साथ ही बाढ़ आपदा से संबंधित दुर्घटना, पानी में डूबने पर प्राथमिक उपचार एवं बचाव के तरीकों की जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि यह प्रशिक्षण मध्य प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह विभाग मध्य प्रदेश शासन के तत्वाधान में आयोजित ट्रेनिंग एंड कैपेसिटी बिल्डिंग डिजास्टर रिस्पांस टीम मध्य प्रदेश के अनुमोदित प्रस्ताव के तहत किया गया। इस अवसर पर जिला कमांडेंट होमगार्ड इंदल उपनारे, श्रीमती सुनीता पन्द्रे प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड एवं जेएल कोठारी प्लाटून कमांडर होमगार्ड हरदा, बीएस कुशराम एएसआई बलीराम सरयाम हवलदार अनुदेशक, अवधेश वर्मा हवलदार स्टोरमेन एवं एसडीईआरएफ जवान पंकज, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी सम्मिलित हुए।

# पीपीपी मोड पर बैतूल को मिलेगी मेडिकल कॉलेज की सौगात

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 19 दिसंबर. जिले के लिए यह खबर किसी बड़ी सौगात से कम नहीं है। लंबे समय से मेडिकल कॉलेज की मांग कर रहे बैतूलवासियों का सपना अब साकार होने जा रहा है। बैतूल जिले में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की शुरुआत की जाएगी।**

**रंग लाए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के प्रयास**

**उत्कृष्ट उपचार के साथ मिलेगी एजुकेशन की सुविधा**



बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के प्रयासों का ही परिणाम है कि जिले की स्वास्थ्य सेवाओं और मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग का आगाज होगा। पीपीपी मॉडल के तहत सरकार और निजी क्षेत्र की साझेदारी से मेडिकल कॉलेज का संचालन किया जाएगा। इससे आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रबंधन और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित होंगी। बैतूल जिले के कोसमी क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। सुपर स्पेशलिटी विभागों की शुरुआत होगी, जिससे गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को भोपाल, नागपुर या इंदौर जैसे बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता से हृदय रोग, हड्डी रोग, स्त्री एवं शिशु रोग, सर्जरी सहित अन्य विभागों में बेहतर उपचार संभव हो सकेगा।

**ग्रामीण अंचल को मिलेगा सबसे अधिक लाभ :** बैतूल जिला जनजातीय और ग्रामीण बहुल क्षेत्र है। यहां के लोगों को अक्सर संसाधनों की कमी के कारण समय पर इलाज नहीं मिल पाता। मेडिकल कॉलेज खुलने से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा जिले में ही मिलेगी। इससे मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी आने और स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार की उम्मीद है। पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना से विद्यार्थियों को मेडिकल की पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

### आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

मेडिकल कॉलेज के साथ अस्पताल, हॉस्टल, स्टाफ क्वार्टर और अन्य सहायक सुविधाओं का विकास होगा। इससे डॉक्टर, नर्स, टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट सहित सैकड़ों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। साथ ही होटल, मेडिकल स्टोर, परिवहन और अन्य सेवाओं से जुड़ी गतिविधियों को भी गति मिलेगी, जिससे जिले की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

### मेडिकल कॉलेज स्थापना के लिए विधायकों ने माना आभार

**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बैतूल विधायक तथा भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में बैतूल जिले के विधायक गण ने भेंट कर बैतूल को मेडिकल कॉलेज तथा अन्य सौगातें देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार माना। मुख्यमंत्री निवास पर हुई भेंट में विधायक महेंद्र सिंह चौहान, डॉ. योगेश पंडाग्रे, चंद्रशेखर देशमुख तथा श्रीमती गंगा बाई उईके मौजूद रहीं। विधायकगण ने कहा कि जनजातीय और ग्रामीण बहुल बैतूल जिले में मेडिकल कॉलेज खुलने से ग्रामीण और दूरस्त क्षेत्र के मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा जिले में ही मिल सकेगी। इससे स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार हो सकेगा। पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना से क्षेत्र के विद्यार्थियों को मेडिकल की पढाई में भी सुविधा होगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा बैतूल जिले के कोसमी क्षेत्र में पीपीपी मोड पर आरंभ हो रहे मेडिकल कॉलेज का 23 दिसम्बर को भूमि पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विधायकगण ने सारनी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह में लगभग 12 हजार करोड़ रुपए की लागत की 660 मेगावाट यूनिट इकाई की स्थापना की वर्षों पुरानी मांग स्वीकृत करने, भीमपुर में 100 बिस्तरीय अस्पताल और चिचोली में 50 बिस्तरीय अस्पताल की स्वीकृति देने के लिए भी आभार माना। घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगा बाई उईके ने चोपना क्षेत्र के परिवारों के पट्टों के प्रकरणों के निराकरण के संबंध में भी मुख्यमंत्री से अनुरोध किया।


## हत्या के आरोपियों का पुलिस ने शहर में निकाला जुलूस

**बैतूल।** नाबालिग विवेक मरकाम की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी अन्नू ठाकुर, उसके पिता कृपाल ठाकुर और साथी जुनैद का जुलूस निकाला। तीनों को अन्नू के घर चुन्नीढाना से गंज के व्यस्त इलाके और कोठीबाजार के मुख्य मार्गों पर कान पकड़कर घुमाया गया। इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा और राहगीरों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस सनसनीखेज हत्या प्रकरण में पुलिस ने अब तक अन्नू ठाकुर, पिता कृपाल ठाकुर, जुनैद और दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन आरोपी अब भी फरार हैं। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर 17 वर्षीय विवेक मरकाम की चुन्नीढाना क्षेत्र में बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी उसे सागौन बाबा दरबार से अगवा कर वहां ले गए थे। विवेक की मौत के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया था। गिरफ्तार अन्नू और जुनैद को भारत भारती क्षेत्र से पकड़ा गया, जबकि कृपाल ठाकुर को उसके घर से हिरासत में लिया गया। फरार आरोपियों में रोहित और अभिषेक ठाकुर (अन्नू के भाई) समेत तीन लोगों की तलाश जारी है। कुल सात लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। जांच में सामने आया है कि मृतक विवेक और अन्नू ठाकुर के बीच पुराना विवाद था। भग्गूढाना में गाड़ी टकराने के विवाद के बाद विवेक ने अन्नू पर चाकू से हमला किया था। बाद में अन्नू ने विवेक के घर जाकर भी हमला किया था, लेकिन तब मामला दर्ज नहीं हुआ। दोनों ही जमानत पर थे। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में आरोपियों ने माना कि विवेक बार-बार उन्हें धमका रहा था, इसी रंजिश में उसने वारदात को अंजाम दिया। घटना में प्रयुक्त रॉड, डंडे और फावड़े बरामद कर लिए गए हैं। मृतक विवेक की मां शिक्षिका हैं और पिता वन विभाग में कार्यरत हैं। घटना के बाद नागरिकों ने चुन्नीढाना से गंज मार्केट, कॉलेज रोड और कोठीबाजार तक जुलूस निकालकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।



## सलैया एवं ड्रिलिंग केम्प में मिला टाइगर का मूवमेंट

**सारनी।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के चूरना जंगल से एक बार फिर टाइगर का मुवमेंट सारनी क्षेत्र के आसपास देखने को मिला है। सात दिनों से टाइगर का मुवमेंट राख बांध, सलैया एवं ड्रिलिंग केंप के पास देखा जा रहा है। बताया जाता है कि टाइगर को कई स्थानों पर देखे जाने की सूचना पर स्थानीय वन विभाग की टीम ने सर्च भी किया है। कई जगहों पर टाइगर के पग मार्क मिले है। गौरतलब है कि चूरना के जंगल से सारनी के राख बांध तक टाइगर ने अपनी चहल पहल जारी रखी है। इसे टाइगर की टेरा टेरी भी कहा जाता है, जहां पर अक्सर टाइगर का मुवमेंट बना रहता है। हालांकि करीबन सात दिनों में किसी जानवर के शिकार करने की सूचना नहीं मिली है। जानकर लोगों का मानना है कि नपा क्षेत्र में आवारा पशुओं की भरमार है। इसी वजह से पशुओं के शिकार की सूचना नहीं मिल पा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के पास पालतू पशुओं का टाइगर शिकार करता है तो सूचना मिल जाती है। वनप्राणियों की खोज खबर रखने वाले आदिल खान ने कहा कि लम्बे समय से इस क्षेत्र में टाइगर का मूवमेंट है और 14 दिसम्बर कों ड्रिलिंग केंप एवं सलैया में टाइगर देखा गया है। टाइगर होने की जानकारी के बाद स्थानीय वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के लोकेशन की जानकारी जुटा रही है। इस क्षेत्र से टाइगर को दो से तीन बार टेंकुलाइज यानी बेहोश करके पकडने के बाद चूरना एवं मंडला के पास बमे बाडे में ले जाकर रखा गया है।



## पवित्र नगरी में मांस, मदिरा विक्रय पर लगाया जाए प्रतिबंध

**मुलताई।** पवित्र नगरी में अवैध रूप से चल रहे अंडा, मछली, मांस मंदिरा के व्यवसाय पर रोक लगाने कि मांग को लेकर शुक्रवार को बजरंग दल एवं हिन्दू संगठन ने रैली निकालकर एसडीएम को ज्ञापन सौपा है। हिन्दू संगठनों के भूपेश साहू, दिनेश कालभोर, प्रवीण राउत, दीपांशु साहू, सागर साहू, सुरेश पवार, निलेश चावरिया, घनश्याम सोनी, बीरबल डोंगरदिए, सुनील बिहारे, नवीन साहू, गौरव, योगेश माहौरे, जानू आकाश हुरमा ? द्वारा सौपे ज्ञापन में बताया मां ताप्ती की पावन नगरी मुलताई जिसे राज्य शासन द्वारा पवित्र नगरी घोषित किया गया है। पवित्र नगरी में अवैध रूप से मां ताप्ती से 100 मीटर दुरी पर अवैध रूप से अंडे की दुकान का संचालन किया जा रहा है तथा मुलताई पवित्र नगरी में मांस मछली, मदिरा की जोरदार बिक्री का कार्य किया जा रहा है। मटन मार्केट के पास प्राचीन हनुमान मंदिर, व नागदेव मंदिर स्थित है, मंदिर के आस पास मांस मछली एवं मटन की दुकान का संचालन किया जा रहा है।वहीं पवित्र नगरी में मदिरा दुकान भी बंद है।लेकिन अवैध मदिरा का कारोबार फलफुल रहा है।बजरंगियों ने पवित्र नगरी में मांस, मछली, मटन, अंडे मदिरा की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है।

## कलाकार ने जबलपुर में उकेरी 800 वर्ग फीट रंगोली

**मुलताई।** नगर के कलाकार नारायण देशमुख ने जबलपुर हो रहे 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में देव मंच के सामने 40 फीट लंबी और 20 फीट चौड़ी रंगोली महज 4 से 5 घंटे में डाल दी। जिसमें जबलपुर के भेड़ाघाट का स्वरूप सहित गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के नाव में सुरक्षा के साथ बैठे गायत्री परिवार के परिजनों एवं ज्ञान यज्ञ की लाल मशाल के साथ यज्ञ कुंड एवं मा नर्मदा के प्रवाह को दर्शाया गया है इस रंगोली को बनाने में लगभग 250से 300 किलो के लगभग रंगोली का उपयोग किया गया है । रंगोली को बनाने में इनके सहयोग के लिए चन्दोरा कला के गायत्री परिवार के परिजन प्रवीण देशमुख एवं वीरचंद बरोदे का सहयोग रहा। ज्ञात हो कि गायत्री परिवार मुलताई में तहसील समन्वयक की भूमिका का निर्वहन करते हुए गायत्री परिवार के बड़े बड़े आयोजनों में नारायण देशमुख रंगोली, मंच सज्जा ,थर्माकोल डेकोरेशन के लिए विशेष रूप से बुलाए जाते हैं साथ की अनेक कलाओं साफा बांधने, पेंटिंग कार्य आदि में भी नारायण देशमुख महारत हासिल कर चुके है। नारायण देशमुख द्वारा हरिद्वार, कुल्लू मनाली, मथुरा, भोपाल, बालाघाट, मुंबई, जैसे अनेक स्थानों पर गायत्री परिवार के बड़े बड़े आयोजनों में रंगोली उकेर कर नगर का नाम रोशन किया है।




## हाईवे निर्माण के लिए भू अर्जन में चार गुना दिया जाए मुआवजा

**मुलताई।** मुलताई वरुड़ अमरावती राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 347 ए निर्माण के लिए मुलताई से गौनापुर (महाराष्ट्र) बार्डर तक शासन द्वारा भूमि अधिग्रहण करने के लिए 23 सितम्बर 2025 अधिनिर्णय पारित किया गया है। इस अधिनिर्णय के अनुसार आपसी अर्जन 2 लेन विथ पेव्हर्ड शोल्डर कार्य के लिए निजी भूमि का अधिग्रहण की गई है।जिसे करीब आधा सैकडा किसानो ने अस्वीकार करते हुए शुक्रवार को एसडीएम को ज्ञापन सौपा। ज्ञाओं में बताया सभी कास्तकारो, भूमि धारको की अलग-अलग, कम एवं अधिक भूमि अधिग्रहित की गई है। कृषको की भूमि में सागौन के पेड़, फलदार वृक्ष, कुँआ, ट्यूबवेल, उपजाऊ एवं सिंचित भूमि के अनुसार कम, ज्यादा अधिग्रहित की गई है जिसका मुआवजा विधिवत निर्धारित नही किया गया है। जिसमे कृषकगण, भूमिस्वामी को अपूर्णिय क्षति होने की सम्भावना है। किसानो से हाइवे निर्माण के लिए अर्जित की जा रही भूमि का विधिवत मुआवजा निर्धारित करने की मांग की है, भूमि स्वामियों ने मुआवजे की चार गुणा राशि प्रदान किए जाने की मांग की है।

## डिप्टी जनरल मैनेजर ट्राईफेड ने किया निरीक्षण

**बैतूल।** जनजातीय मंत्रालय केंद्र सरकार के ट्राईफेड द्वारा 21 दिसंबर से 26 दिसंबर तक छत्रपति शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में आदि बाजार का भव्य आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके के मुख्य आतिथ्य में 21 दिसंबर को आदि बाजार का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आदि बाजार के सफल आयोजन के संबंध में डिप्टी जनरल मैनेजर श्रीमती प्रीति मैथिल और कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। जानकारी के अनुसार आदि बाजार में प्रदेश की प्रचलित महेश्वर और चंदेरी साड़ियों से लेकर बांस कला, सजावटी पौधों की दुकान, वूलन क्लॉथ्स, हैंडलूम, फारेस्ट प्रोडक्ट्स, विभिन्न शिल्प और बैतूल जिले की पहचान बन चुके भरेवा शिल्प के हैंडीक्राफ्ट यहां लोगों को देखने और खरीदने को मिलेंगे। इसके साथ ही फूड फेस्टिवल का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें मिलेट से बने पारंपरिक और नवीन उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे। वहीं ट्रायफेड के 25 स्टॉल और जिला प्रशासन के 22 स्टॉल लगाए जाएंगे।



## पदयात्रा की तैयारी प्रारंभ, 2 से शुरू होंगी 64 दिवसीय यात्रा

**मुलताई।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां ताप्ती संपूर्ण परिक्रमा पदयात्रा आगामी 2 जनवरी को सुबह 8बजे ताप्ती मंदिर से प्रारंभ होगी जिसके लिए तीन प्रदेश से आधा सैकड़ा से अधिक पदयात्री 1जनवरी को ही उद्गम स्थल पहुंच जाएंगे।जिनका मेडिकल चेकअप और परिचय पत्र बनाने के साथ साथ पांच स्थानों पर ध्वज पूजन कर पदयात्रा का शुभारंभ किया जाएगा।पदयात्रा संयोजक संजय पाटनकर( राजू) ने बताया बीते पांच सालों से मां ताप्ती जी की संपूर्ण परिक्रमा पदयात्रा की जा रही है जो इस साल भी 2 जनवरी को धूमधाम से निकाली जाएगी। जिसको लेकर गुरुवार रात्रि 9 बजे गजानन महाराज मंदिर में रात्रि 9 बजे एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग आधा सैकड़ा कार्यकर्तागण उपस्थित थे। जिन्होंने पदयात्रा शुभारंभ अवसर एवं यात्रा को सुगम और भव्य बनाए जाने महत्वपूर्ण निर्णय लेकर स्वेच्छा से अपनी अपनी जिम्मेदारी स्वीकार की। समिति कोषाध्यक्ष प्रमोद जैन ने बीते वर्ष का आय व्यय का ब्यौरा दिया वही इस वर्ष भी सहयोग राशि एकत्र करने सह कोषाध्यक्ष अजय गांवडे और राजेश जैन के पास राशि जमा किए जाने की अपील की गई। वही प्रचार व्यवस्था सुनील वानखेडे एवं नरेंद्र गिरी, चंदू देशमुख, योगेश अग्रवाल, देवेंद्र सिंह ठाकुर एवं साथियों ने स्वीकारी, कैम्प व्यवस्था डॉ अंकुश भार्गव क्रिश हॉस्पिटल, डॉ आर पी बोड़खें, रुपेश वागदरे आदि, पंजीयन एवं परिचय पत्र कार्य बीआर मालवीय, जितेन्द्र खन्ना जगदीश चंद्र पंवार, पूजन कार्य पण्डित सौरभ जोशी, पवन पाटेकर एवं साथी रांगोली व्यवस्था गगन बारस्कर, दल्लू भाई यादव, जगदीश चंद्र पंवार प्रमोद जैन शुभारंभ भोजन व्यवस्था अश्विनी धोटे, आदि विभिन्न विभाग सुनिश्चित कर सभी कार्यकर्ताओं को जवावंबदेही दी गई।



**चौपाल** वार्डो में विधायक लगा रहे चौपाल

## विकास के हर काम मे कांग्रेस लगाती है अडंगा : विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे

**सारनी।** विकास कार्यों में पच्चर लगाना कांग्रेस की आदत है। जल आवर्धन योजना को लेकर कुछ राजनैतिक पार्टियों ने जनता में भ्रम फैलाकर वेवजह विवाद की स्थिति निर्मित की है, उपरोक्त उदगार विधायक योगेश पंडागरे ने वार्डो में चौपाल लगाकर जनता से सीधा संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए है। विधायक डॉ. पंडाग्रे ने कहा कि इतनी बड़ी परियोजना का निशुल्क संचालन संभव नही है, इसलिये मेरा प्रयास है कि योजना बंद भी न हो और जनता पर अधिक आर्थिक भार भी न पड़े। उपभोक्ताओं को अब 4 हजार नहीं, बल्कि 2300 रुपये के आस पास कनेक्शन चार्ज के रूप में भुगतान करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह राशि एक मुश्त नही बल्कि छोटी छोटी किश्तों में अगले 6 महीने तक जमा करने की सहूलियत भी दी जाएगी। भाजपा की सरकार जनता को आर्थिक राहत के साथ पीने के लिए नियमित शुद्ध पानी भी देने का काम करेगी। विधायक ने कहा कि सारनी में पानी की आपूर्ति एक बडी समस्या थी। माताओं बहनों को पानी के लिए घण्टों कतार में लगना पड़ता था। कई बार लड़ाई झगड़े और विवाद की स्थिति बन जाती थी। भाजपा की सरकार ने इस समस्या से हमेशा-हमेशा के लिए जनता को निजात दिलाने के उद्देश्य से 104 करोड़ की लागत से सारनी में जल आवर्धन योजना को स्वीकृति दी। जिसमें राज्य सरकार के अलावा एक बडी राशि नगर पालिका ने भी वहन किया है। आज जब यह योजना मूर्त रूप ले चुकी है और जनता को नल जल योजना के माध्यम से नियमित पानी मिल रहा है। कांग्रेस के लोग जनता में भ्रम फैलाकर अशांति का माहौल बना रहे है, जबकि जल आवर्धन की योजना बैतूल मुलताई व आमला में भी उपभोक्ता लोग कनेक्शन चार्ज दे रहे है। डॉ. पंण्डाग्रे ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांग्रेस ने विकास की हर परियोजना में अडंगा लगाया है। हर अडंगे को दूर करने का काम किया। आज मुझे खुशी है कि सारनी में बिजली और पानी की समस्या पूरी तरह से हल हो चुकी है। नए पावर प्लांट का कार्य भी शीघ्र शुरू होने वाला है। तवा थ्री कोल माइन का काम भी प्रगति पर है। जिससे काफी लोगों को रोजगार मिलने वाला है। सतपुड़ा डेम को जलकुंभी से मुक्ति मिल गयी है और मछुआरा भाईयों को फिर से रोजगार मिलना प्रारंभ गया है। नए प्लांट के कारण किसी को भी बेघर नहीं होने देंगे। जिनके घर टूटेंगे उनको उचित स्थान पर विस्थापित करेंगे। संजीवनी क्लिनिक में डॉक्टरों की नियुक्ति और 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधा की व्यवस्था करेंगे। नए पावर प्लांट में 70 प्रतिशत स्थानीय मजदूरों को काम मिलेगा। किसी भी कीमत पर मजदूरों का शोषण नही होने देंगे। जो कम्पनी मजदूरों का हक मारेगी उसको सारनी से बोरिया विस्तर बांधना पडेगा।



## राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस मनाया, किया सम्मान

**भैंसदेही।** गत दिवस स्थानीय मंगल भवन में पेंशनर्स तहसील संगठन द्वारा राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस का गरिमामयी आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में अपने युवा अवस्था के अच्छे खिलाड़ी, अनुशासित शिक्षक, और सेवानिवृत्त के बाद समाजसेवा और पेंशनर्स तहसील संगठन के अध्यक्ष बाबूलाल राठौर ने इस अवसर पर संगठन के सभी पदाधिकारी का स्वागत कर संगठन के समस्त क्रिया कलापों पर रोशनी डालते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तथा पेंशनर्स साथीयों के हर सुख-दुख में हमेशा तत्परता से सहयोग करने कि बात कही।इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिशचंद सराटकर द्वारा की गई ,वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष सुंदरलाल कड़वे विशेष अतिथि संभागीय अध्यक्ष अशोक बोरखेडे, कार्यकारी जिला अध्यक्ष जगन्नाथ पाठेकर द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया तत्पश्चात समस्त आगंतुक अतिथियों का पेंशनर्स एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष बाबूलाल राठौर द्वारा शाल श्रीफल एवं स्वागत पट्टीका से सम्मान किया गया। जिले व संभाग से पधारे सभी अध्यक्षों द्वारा फूलमालाओं शाल श्रीफल एवं स्वागत पट्टीका के द्वारा सभी पेंशनरों का सम्मान किया गया। तत्पश्चात नवागत पेंशनर एमडी वाघमारे सेवानिवृत प्राचार्य, मंदा ठाकरे सेवानिवृत्ति व्याख्याता, ज्योति सोनी सेवानिवृत शिक्षिका, सीमा जोशी सेवानिवृत शिक्षिका, चंद्रभान बारस्कर, गुलाब राव मस्कीन आदि का फूल मालाओं से स्वागत कर उन्हें संगठन में शामिल किया गया।

